तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

13 किसानों को खाद-बीज आसानी से मिले, अधिकारी इस...



14 कमरछठ कल, कृष्ण जन्माष्टमी परसों मनेगी



कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास आज

**मगरलोड।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज दोपहर 1:30 बजे बांध तालाब के पास करेली बड़ी में उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### देवपुर में कबड्डी स्पर्धा 15 को

**पुरी।** स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जय अम्बे कबड्डी दल द्वारा देवपुर में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अगस्त शुक्रवार को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10000 रु, द्वितीय पुरस्कार 7000 रु, तृतीय पुरस्कार 4000 रु तथा चतुर्थ पुरस्कार 2000 रु रखा गया है।

बेहतर भविष्य के लिए मिलेगा सामान अवसर, पढ़ाई का खर्च श्रम विभाग उठाएगा

# निर्माणी श्रमिकों के बच्चों को अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

श्रम विभाग में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। श्रम मंत्रालय ने अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना लांच की है जिसमें श्रमिकों के होनहार बच्चे निजी आवासीय स्कूल में पढ़ाई कर सकेंगे जिसका सारा खर्च श्रम विभाग वहन करेगा। आगामी सत्र से शुरू होने जा रही इस योजना में 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई होगी।

श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना शुरू की गई है। योजना का उद्देश्य श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रदेश के जिलों में संचालित श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के सामान अवसर प्रदान करना है। इसके लिए चयनित बच्चों का प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पुस्तक-कापी, छात्रावास तथा भोजन का खर्च श्रम विभाग देगा। इसके लिए श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों का चयन किया जाएगा जो सीबीएसई, आईसीएसई, छग राज्य बोर्ड, आईबी जैसे अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करता हो। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 10 वर्ष तथा अधिकतम आयु 12 वर्ष होगी। आवेदन की संख्या निर्धारित आवंटन सीटों से अधिक होने पर चयन प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### योजना में इनको मिलेगी पात्रता

मंडल अंतर्गत 1 वर्ष पूर्व पंजीकृत निर्माण श्रमिक के प्रथम दो बच्चे योजना में पात्र होंगे। इस योजना का लाभ लेने वाले बच्चे मंडल अंतर्गत संचालित शिक्षा, छात्रवृत्ति के लिए पात्र नहीं होंगे लेकिन बोर्ड परीक्षा में टाप 10 करने पर मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता राशि के लिए पात्र होंगे। प्रतिवर्ष कक्षा 6वीं में अधिकतम 100 छात्र-छात्रा योजना में सम्मिलित होंगे। 50-50 सीटें छात्र तथा छात्रा के लिए आरक्षित होंगी। समस्त प्रक्रिया आनलाइन के माध्यम से क्रियान्वयन होगी।



### आवेदन 1 से 15 नवम्बर तक

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के लिए पालक आवेदन 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक कर सकेंगे। आवेदन की जांच 15 से 30 नवम्बर तक जिला शिक्षाधिकारी करेंगे। सीटों से अधिक आवेदन आने पर प्रवेश परीक्षा 1 से 15 दिसम्बर तक मंडल के निर्देशानुसार होगी। निजी विद्यालय में प्रवेश 15 से 30 दिसम्बर तक होगा।

### बेहतर भविष्य बनाने का निर्माण

जिला श्रम अधिकारी एमके साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने 25 जुलाई को अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत निर्माणी श्रमिकों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य निर्माण के उद्धेश्य से श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में विकास का सामान अवसर मिलेगा।

### ये हैं प्रदेश के आवासीय विद्यालय

रायपुर जिले में कांगेरवेली एकेडमी, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल, राजकुमार कालेज का स्कूल, दुर्ग जिले में रूंगटा पब्लिक स्कूल, बिलासपुर में करियर पाइंट वर्ल्ड स्कूल, मुंगेली में त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बेमेतरा में एलोन्स पब्लिक स्कूल, कवर्धा में गुरूकुल पब्लिक स्कूल, रायगढ़ में अश्मेका पब्लिक स्कूल, जनमित्र एसपीएस मेमोरियल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल तथा कांकेर जिले में जेमी इंटरनेशनल स्कूल शामिल हैं।

उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग ने की कई दुकानों पर कार्रवाई

कृषि विभाग की छापेमार कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन से नोटिस तक सख्त कदम

# दो प्रतिष्ठान संचालकों को कारण बताओ नोटिस, एक दुकान का लायसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी और अधिक दाम पर बिक्री रोकने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर उप संचालक कृषि के नेतृत्व में विशेष निरीक्षण दल का गठन किया गया है। यह दल सहकारी एवं निजी संस्थानों में लगातार छापामारी कर रहा है । इसी क्रम में निरीक्षण दल द्वारा विकासखण्ड धमतरी के शिवम ट्रेडर्स सांकरा में अनियमितता मिलने पर उर्वरक बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया, जबकि शिवम ट्रेडर्स कंडेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विकासखण्ड कुरूद के लक्ष्मी ट्रेडर्स भुसरेंगा में कालातीत कीटनाशक दवाइयों का भंडारण पाए जाने पर उनका लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इसी तरह अजीत कृषि केंद्र दरबा को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।





जिले के सभी विकासखण्डों में बीज, उर्वरक और कीटनाशी निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है, जो सतत निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान स्वयं उपस्थित रहकर किसानों को उर्वरक का वितरण कराया जा रहा है। थोक विक्रेताओं को खुदरा विक्रेताओं को जारी की गई उर्वरक की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# धमतरी जिला श्वेत क्रांति की ओर अग्रसर

- 58 संग्रहण केन्द्रों से प्रतिदिन लगभग 8 हजार लीटर दूध का हो रहा संकलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

छग शासन की महत्वाकांक्षी योजना सहकार से समृद्धि की ओर दुग्ध श्वेत क्रांति अंतर्गत धमतरी जिला में कुल 68 दुग्ध संग्रहण केन्द्र है, जिसमें 58 संचालित है। इसी तरह 10 संकलन केन्द्र अक्रियाशील है। उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग ने बताया कि अक्रियाशील संग्रहण केन्द्र को क्रियाशील बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है और 34 नवीन दुग्ध समिति (विकासखण्ड धमतरी 12, कुरूद 20, मगरलोड 2) बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 6 समिति का गठन तथा 5 समिति का पंजीयन हो चुका है। वर्तमान में संचालित 58 संग्रहण केन्द्रों से लगभग 8 हजार लीटर प्रतिदिन दूध संकलित हो रहा है। जिसे वर्ष के अंत तक 20 हजार लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य रखा गया है। विकासखण्ड नगरी में वचन डेयरी के 4 केन्द्र (सलोनी, लीलर, बनबगौद एवं कुकरेल) शीघ्र ही प्रारंभ हो जाएंगे।



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्वत के मार्गदर्शन में उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें एवं संस्था क्षेत्रों में अमला द्वारा दुग्ध संकलन केन्द्रों की साफ-सफाई, गुणवत्ता जांच हेतु उपलब्ध उपकरण एवं प्रत्येक 10 दिन में भुगतान संबंधी कार्यो का निरीक्षण किया जा रहा है। जिले में दुग्ध उत्पादन न केवल अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन रहा है, बल्कि ग्रामीण परिवारों के पोषण स्तर में सुधार और सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में भी सहायक सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन, पशुपालन विभाग एवं समस्त दुग्ध समितियों का यह समन्वित प्रयास जिले को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में एक अग्रणी के रूप में स्थापित कर रहा है।

# जिले में पुलिसिंग को और भी प्रभावी बनाने की मांग



- भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सूरज सिंह परिहार से भेंट कर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सूरज सिंह परिहार से मुलाकात की। प्रतिनिधि मण्डल ने धमतरी जिले में घटित अपराधों को लेकर चिंता जाहिर की। नशे के कारोबार में प्रभावी तरीके से रोक नहीं लगने के कारण ही धमतरी में लगातार अपराध बढ़ रहा है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने जिले में पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की मांग की। नशे के सौदागरों पर कड़ाई से कार्रवाई करने की भी मांग करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक जुआ, शराब, गांजा, नशीली दवाइयों के कारोबार पर कड़ाई से कार्यवाही नहीं होगी, अपराधों पर लगाम कसा नहीं जा सकता। धमतरी पुलिस को और भी प्रभावी तरीके से पुलिसिंग करने की जरूरत है।

प्रतिनिधि मंडल में जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, गंगरेल मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, विजय साहू, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी ज्ञानीराम रामटेके, ऋषभ देवांगन, रिकी गंगवानी, देवेश अग्रवाल, विशाल रामरख्यानी समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# गलत इंजेक्शन लगाने से 12 साल के मासूम की मौत, आरोपी झोलाछाप डॉक्टर फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

- पुलिस आगे की जांच में जुटी

पुलिस थाना कुरुद अंतर्गत एक झोलाछाप डॉक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से 12 साल के एक मासूम की मौत हो गई । इसकी शिकायत परिजनों ने पुलिस से की है। पुलिस पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच में जुटी है। वहीं आरोपी झोलाछाप डॉक्टर घटना के बाद से फरार है।

रविवार को मामले की शिकायत लेकर कुरुद थाना पहुंचे डांडेसरा निवासी रेवाराम साहू ने बताया कि वायरल फीवर से पीड़ित 12 साल के बेटे को नगर के मुख्य मार्ग में स्थित अशोक मेडिकल स्टोर में लेकर गया था। जहां संचालक अशोक शर्मा ने बेटे नीरज साहू को इलाज के नाम पर इंजेक्शन लगाया। दस मिनट में ही बच्चे के मुंह से झाग निकलने लगा व पैंट में ही शौच कर डाला और वह अचेत होकर वहीं गिर पड़ा। स्थिति बिगड़ती देख अशोक शर्मा ने ही उसे बाइक से सिविल अस्पताल कुरूद पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया।



### गलत इलाज से गई बेटे की जान

मृतक के पिता रेवाराम साहू ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत इलाज से बेटे की जान गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों को रुपये पैसों का लालच देकर थाने के बाहर समझौता करने का प्रयास आरोपी के करीबी लोगों द्वारा किया गया। लेकिन एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने ऐसे होने नहीं दिया। कुरूद पुलिस ने अस्पताल मेमो और परिजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। तब तक आरोपी अपने दुकान मकान में तालाबंदी कर फरार हो गया।

### जांच उपरांत होगी गिरफ्तारी : एसडीओपी

एसडीओपी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अशोक शर्मा पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पहले परिजन पोस्टमार्टम कराने से मना कर रहे थे। समझाने पर वे राजी हुए। पोस्टमार्टम एवं बिसरा रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। हम उनकी डिग्रियों की जांच भी जांच करा रहे हैं।

### आरोपी डॉक्टर के खिलाफ जांच जारी : सीएमएचओ

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की सख्त कार्रवाई और निर्देश के बाद भी ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध करोबार लगातार जारी है। जबकि झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के चलते कई लोगों को जान गंवानी पड़ी है। इस बारे में धमतरी सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने बताया कि कुरूद एसडीओपी ने घटना की जानकारी दी है जिसमें परिजनों ने आरोप लगाया कि गलत इलाज से बच्चे की संदिग्ध मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच कर रहा है।

# पटवारियों की आनलाइन हड़ताल 16 से



- मांगों के संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

राजस्व पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष द्विजराम मरकाम ने बताया कि संघ की विभिन्न मांगों के संबंध में तहसीलदार चुम्मनलाल ध्रुव को ज्ञापन सौंपा गया है। मांग पूरी नहीं होने पर 16 अगस्त से आनलाइन कार्यों का बहिष्कार करते हुए हड़ताल की जाएगी।

मांगों में प्रमुख रूप से आनलाइन फसल गिरदावरी, नक्शा, बंटाकन, डिजिटल क्राप सर्वे, एग्रीस्टेक के लिए संसाधन और भत्ता दिया जाए। विभागीय पदोन्नति, नायब तहसीलदार के लिए विभागीय परीक्षा आदि शामिल हैं।

कुकरेल तहसील संघ के पटवारी दीपक मरकाम, सचिव वीरेन्द्र कुमार कुंजाम, संरक्षक योगेन्द्र श्रीमाली, उपाध्यक्ष कुशल कुंजाम, सहसचिव गोविंद प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार गंगेले, लक्ष्मी धनेशकर, सुरेश वत्सल ने तहसीलदार कुकरेल को ज्ञापन सौंपकर कहा कि 15 अगस्त तक मांगों का उचित निराकरण नहीं होने पर 16 अगस्त से आनलाइन कार्यों का बहिष्कार अनिश्चितकाल के लिए कर दिया जाएगा।

किसानों की मांग पर रुद्री बरॉज से छोड़ा गया सिंचाई के लिए पानी

# अल्प वर्षा से किसान परेशान, सूखे की आशंका से नींद उड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

अल्पवर्षा के चलते खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। असिंचित क्षेत्र में तो किसान सूखे की आशंका से सहमे हुए हैं। उधर रूद्री बरॉज से सिंचाई के लिए पानी छोड़ना भी शुरू कर दिया गया है। अभी एक हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। धीरे-धीरे पानी की मात्रा बढ़ाई जाएगी।

करीब 15 दिन से मानसून पर ब्रेक लगा हुआ है। मौसम विभाग ने बारिश होने की उम्मीद भी जाहिर की थी, लेकिन बारिश नहीं हुई। उधर तेज गर्मी और धूप से खेत सूखने लगे हैं। कई स्थानों पर खेतों में दरारें आने लगी हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित असिंचित और अल्प सिंचित क्षेत्र है जहां पर पानी की कमी से फसलों की ग्रोथ प्रभावित हो रही है। किसान निंदाई, ब्यासी, खाद, दवा आदि का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। धमतरी के डूब प्रभावित क्षेत्र, वनाचंल नगरी, मगरलोड सहित कई क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं नहीं हैं। इन क्षेत्रों में खेती की स्थिति काफी खराब है। किसानों ने बताया कि यदि आगामी समय में भी बारिश की यही स्थिति रहती है तो अंचल में सूखा पड़ना निश्चित है। इससे केवल किसानों को नुकसान उठाना नहीं पड़ेगा, बल्कि उत्पादन भी प्रभावित होगा। किसानों ने शासन से राहत देने की मांग की है।



### दिन रात चल रहे मोटरपंप

अल्पवर्षा से भू जलस्तर भी लगातार नीचे जा रहा है। सिंचाई के लिए लगातार कृषि पंप चल रहे हैं, जिसका असर यह है कि बारिश के मौसम में भी भू जलस्तर गिरने लगा है। किसान गिरधर साहू, बिसंभर साहू ने बताया कि लगातार मोटरपंप चलने के बाद खेत पल नहीं पा रहे हैं। मोटरपंपों की धार पतली हो गई है। कई स्थानों पर तो मोटरपंप जवाब देने लगे हैं। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग भी लगातार कटौती कर रहा है। किसी भी वक्त लाइन काट दी जाती है। कई बार तो रात भर मोटरपंप की बिजली काट दी जाती है।

### किसानों को मिली राहत



किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष लीलाराम साहू सहित एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात की थी और सिंचाई के लिए नहर में पानी छोड़ने की मांग की। किसानों की मांग को देखते हुए मंगलवार को ही रुद्री बरॉज से सिंचाई के लिए पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है। यह पानी रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार सहित अन्य क्षेत्र के किसानों को राहत देगी। शुरूआती दौर में सिंचाई के लिए केवल एक हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। बाद में इसकी मात्रा बढ़ाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में दूजराम सिन्हा, गोपाल सिन्हा, तुषार साहू, किसान सिन्हा, गमलेश्वर ध्रुव, चुन्नूराम समेत अन्य सदस्य भी शामिल थे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप




### भखारा में तिरंगा यात्रा आज

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छग शासन द्वारा उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद द्वारा 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे आईटीआई सुपेला रोड भखारा में किया जायेगा तत्पश्चात वहां से वे राधा कृष्ण मंदिर के पास भखारा आएंगे। यहां से तिरंगा यात्रा प्रारंभ होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने उपस्थिति की अपील की है।

### बगौद में हुआ रामायण पाठ

**अंवरी।** ग्राम बगौद में सावन के महीने पर जय मां चंडी मानस मंडली



द्वारा हर रविवार को रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संतोष निषाद, शिवनंदन, हजारी पटेल, हुलेश चंद्राकर, संतोष पाठक, यमनलाल साहू, जोहनू राम साहू का योगदान रहा।

देऊरपारा में कोसरिया मरार पटेल समाज की जिला कार्यकारिणी ने ली शपथ

# शपथ ग्रहण समारोह में सात राज के सौ गांव के समाजजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी




कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी के नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह व पदभार का कार्यक्रम देऊरपारा में स्थित प्राचीन मन्दिर कर्णेश्वर महादेव धाम में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र नायक पटेल प्रदेश संयोजक कोसरिया मरार पटेल समाज छग, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा मोर्चा आयोग, अति विशेष अतिथि सुनील पटेल प्रदेशाध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज छग, तेजराम पटेल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कोसरिया मरार पटेल समाज छग थे। अध्यक्षता अमरसिंग पटेल प्रदेश संरक्षक कोसरिया मरार पटेल समाज ने की। विशेष अतिथि कुबेर पटेल महामंत्री, राजू पटेल प्रदेश मीडिया प्रभारी पटेल समाज, सियाराम पटेल राज अध्यक्ष बगौद, कन्हैया पटेल राज अध्यक्ष सिहावा, वामदेव पटेल राज अध्यक्ष नगरी, शगुन पटेल राज अध्यक्ष धमतरी, कपिल पटेल राज अध्यक्ष जी-जामगांव, देवेंद्र पटेल राज अध्यक्ष बारना, डॉ. लखन पटेन राज अध्यक्ष पोटियाडीह थे। कोसरिया मरार पटेल समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, कुंजलाल पटेल, केश कुमार पटेल, नूतन पटेल, सचिव पुरषोत्तम पटेल, सहसचिव ईश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष छबिलाल लाल पटेल, संरक्षक अमरसिंह पटेल, बिसेसर पटेल, मिश्रीलाल पटेल, रामकुमार पटेल, बंशीलाल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राजू पटेल, सलाहकार वासुदेव पटेल, सौभाग्य पटेल, गिरधारी पटेल, संगठन सचिव रमेश पटेल, प्रभात पटेल, प्रचार सचिव धनेश्वर पटेल, राजेन्द्र पटेल, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र पटेल, डामेश्वर पटेल, किशोर पटेल, राधेलाल पटेल, योगेन्द्र पटेल, बबला पटेल, ओम प्रकाश पटेल को राजेन्द्र नायक पटेल प्रदेश संयोजक कोसरिया मरार पटेल समाज छग ने शपथ दिलाई। समाज के वरिष्ठजनों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शपथ-ग्रहण समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज सेवा, एकता और प्रगति के संकल्प को दोहराने का अवसर है। समाज के चयनित पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करेंगे यही हम सभी की अपेक्षा है।

शपथ ग्रहण समारोह में लतखोर पटेल, नारायण पटेल, सौभाग्य चंद पटेल, विजय कौशल, लकेश पटेल, रायसिंह पटेल, मोतीलाल पटेल, बृजलाल पटेल, प्रेमलाल पटेल, बेदन सिह पटेल, ललित कौशल, अशोक पटेल, केश कुमार, रामसुंदर कौशल, कृपा राम पटेल, मानिक राम पटेल, हरचंद पटेल, मोतीराम पटेल, दिलीप पटेल, डिलेश्वर पटेल, नरेश कौशल, अघनू राम पटेल, सियाशरण पटेल, कमल पटेल, प्रभाकर पटेल, मिथिलेश पटेल, डिगेश पटेल, घासी पटेल सहित सात राज के 100 गांव के पटेल समाज के राज पदाधिकारी व समाजजन शामिल हुए।

## विधायक ने आमदी के नवीन कालेज में देखी शैक्षिक सुविधाएं



■ शिक्षा ही समाज और प्रदेश को प्रगति की राह पर ले जाती है : ओंकार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

विधायक ओंकार साहू ने आमदी स्थित नवीन शासकीय महाविद्यालय का निरीक्षण कर यहां की शैक्षिक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं अन्य संसाधनों का जायजा लिया।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि हमारा संकल्प है कि क्षेत्र के हर युवा को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिले। क्षेत्र के सभी महाविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं और संसाधनों का विकास किया जाएगा, ताकि हमारे विद्यार्थी बड़ी सोच के साथ अपना भविष्य संवार सकें। शिक्षा ही वह शक्ति है, जो हमारे समाज और प्रदेश को प्रगति की राह पर आगे ले जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षा स्तर को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप नई पहल करने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर एमन साहू विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत आमदी, ऋषभ ठाकुर नेता प्रतिपक्ष, पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू, महाविद्यालय प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा और स्वच्छता की ली शपथ



■ कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदेश सहित जिले में भी 8 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता का उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर रैलियां भी निकाली जा रही हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में हर घर तिरंगा के लिए जागरूक करने और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। शपथ में उन्होंने कहा कि मैं स्वच्छता को अपने स्वभाव में एवं अपने संस्कार का अभिन्न अंग बनाउंगा। हर घर जल कार्यक्रम के तहत बनाई गई परिसम्पत्तियों जैसे नलजल कनेक्शन, पंप हाउस, ओव्हर हेड टैंक और अन्य बुनियादी ढांचे की रक्षा करूंगा। मैं सिर्फ स्वच्छता के प्रति सजग ही नहीं रहूंगा, बल्कि इसके समुचित निदान हेतु लोगों को जागृत करूंगा। मेरे घर, गांव, शहर और आसपास सूखा एवं गीला कचरा का सही निष्पादन करूंगा, मैं जल संसाधनों के लिए जिम्मेदारी की सामुहिक भावना के लिए जागरूकता फैलाउंगा। मैं सिंगल यूज होने वाले प्लास्टिक का इस्तेमला नहीं करूंगा, प्लास्टिक कचरे का समुचित प्रबंधन करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा, न करने दूंगा, न ही करते हुए देखता रहूंगा। मैं रिसाव को तुरंत ठीक करना और ब्रश करते समय नल बंद करूंगा। स्वच्छता के इस कर्तव्य को सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ निभाउंगा, ताकि मेरा परिवार ही नहीं, मेरा समाज और हमारा भारत स्वच्छता की मिसाल बने।

## छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन 22 को काम बंद कलम बंद हड़ताल करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



■ धरना प्रदर्शन को लेकर बनाई रूपरेखा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला धमतरी की बैठक कर्मचारी भवन में हुई । फेडरेशन के प्रान्तीय पर्यवेक्षक चंद्रशेखर तिवारी, जयकुमार साहू अध्यक्ष संचालनालय विभाग अध्यक्ष कर्मचारी संघ, संतोष कुमार वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष संचालनालय विभागीय कर्मचारी संघ, श्रीमती जगदीप बजाज महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संचालनालय विभाग कर्मचारी संघ, लोकेश वर्मा संगठन सचिव संचालनालय विभागीय कर्मचारी संघ इंद्रावती भवन रायपुर मौजूद थे। बैठक में 22 अगस्त को गांधी मैदान धमतरी में होने वाली एकदिवसीय जिलास्तरीय काम बंद कलम बंद हड़ताल पर सामूहिक अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव के नाम से दंडाधिकारी धमतरी को सौंपा जाना है।

डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉक संयोजक छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक नगरी ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा उसका एरियर राशि प्रदान करना, अर्जित अवकाश की सीमा 240 से बढ़कर 300 दिवस मध्य प्रदेश की भांति करने, एलबी संवर्ग की सेवा प्रथम नियुक्ति तिथि से गणना करना, चार स्तरीय समयमान वेतनमान, पूर्ण पेंशन की पात्रता 33 वर्ष की बजाय 25 वर्ष करना, पिंगुआ समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना शामिल है। बैठक में राजेंद्र चंद्राकर, कृपाशंकर मिश्रा, चंदू चंद्राकर, एनआर टंडन, खुमान सिंह ठाकुर, अमित महोबे, ममता खालसा, दीपचंद भारती, डीएन साहू, सुमति साहू, आरएल देव, होरीलाल साहू, अनिल सालुंके, हर्षल मोहिते आरएल देव, डोमार सिंह ध्रुव ब्लॉक संयोजक नगरी, सह संयोजक सुरेंद्र कुमार साहू, महासचिव गिरीश जायसवाल, अशोक निर्मलकर ब्लॉक संयोजक कुरूद ,पुरुषोत्तम निषाद ब्लॉक संयोजक भखारा, विकास कुमार साहू, वीरेंद्र कुमार पटेल, प्रवीण कुमार टिकरिया, सीएस तुरंग, एल के उपाध्याय समेत अन्य उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण सामग्री वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन बीआरसी कार्यालय मगरलोड में किया गया। विकासखंड में लगभग 543 दिव्यांग छात्र-छात्राएं हैं जिनमें से 60 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को ट्राईसिकल, पजल, बुक मैंगनी फायर, श्रवण यंत्र, बैसाखी, आईडी किट आदि सहायक उपकरण सामग्री दी गई।

## मेघा के व्यवसायी ने बच्चों को खीर-पूड़ी बांटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम मेघा के प्रतिष्ठित व्यवसायी संतोष कुमार सोनी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला मेघा में अध्ययनरत 400 छात्र-छात्राओं को न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी खिलाई।

## नातिनों ने बांधी राखी, बहन को याद कर भावुक हुए दादाजी

■ पर्व पर बोरझरा के सुकलाल रात्रे को उनकी नातिनों ने बहन की कमी महसूस होने नहीं दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व है। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर जीवन भर एक दूसरे की विपत्तियों में सदैव साथ देने का वचन लेती हैं। रक्षाबंधन का पर्व था। हर्ष और उल्लास से बहनें अपने भाइयों को राखी बांध रही थी तभी एक दादाजी अपने घर में उदास बैठा था। उनकी नातिनों ने उनसे जाकर पूछा तो वह बुजुर्ग फफक पड़ा और फफकते हुए कहा कि मेरी बहन होती तो आज मुझे भी राखी बांधती। दादा को फफकते देख नातिनों की आंख भी नम हो गई और अपने दादाजी की कलाई पर राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। ग्राम बोरझरा के इस दादा का नाम सुकलाल रात्रे है जिनकी नातिन यामिनी और दिनेश्वरी ने उन्हें राखी बांधकर वर्षों पुरानी रस्म का निर्वहन किया।

दादा सुकलाल रात्रे ने बताया कि वे चार भाई और एक बहन होते थे। वह सबसे छोटा है।उनकी उम्र लगभग 90 वर्ष है। उनके सभी भाई और बहन अब इस दुनिया में नहीं है। उनकी बहन जब जीवित होती थी तो उन्हें प्रतिवर्ष राखी बांधने आती थी और बचपन की सारी यादें ताज़ा हो जाया करती थी। उनके पास अब भाई बहन की यादें ही शेष है। उन्हें यादकर सिसक रहा था तभी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही उनकी नातिन यामिनी रात्रे ने उन्हें देख लिया। उनसे पूछा कि क्यों उदास हो तो उन्होंने अपनी उदासी का कारण बताया। फिर नातिनों ने आरती की थाल सजाई और दादा की कलाई राखियों से सजा दी। नातिनों ने प्रतिवर्ष उन्हें राखी बांधने की बात कही।

### सड़क दुर्घटना में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता का निधन

**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुखउराम पटेल का 10 अगस्त को



सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन से गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक सा मा जि क कार्यक्रम के लिए पदाधिकारियों के साथ सिहावा गया था। शाम को वापस गांव आ रहा था तभी राजपुर के पास भारतमाला सड़क मार्ग पर हुए सड़क हादसे में उनका निधन हो गया।

## रामलला के दर्शनार्थ भठेली से तीर्थ यात्री रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भगवान श्रीराम चन्द्र के दर्शन करने अयोध्या धाम के लिए लॉटरी सिस्टम से चयनित नगर पंचायत नगर भखारा सहित क्षेत्र के चार नागरिक 11 अगस्त को रवाना हुए। छग. शासन मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत लगातार अयोध्या दर्शन हमारे नागरिकों के लिए चल रहा है। नगर पंचायत से उन्हें विदा किया गया। तत्पश्चात जनपद पंचायत कार्यालय कुरूद के पास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर हरख जैन, विष्णु साहू, हितेंद्र साहू, कमलेश साहू, चोवा ढीढी, मीना निषाद सहित तीर्थ यात्री उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा संरक्षण को मिल रहा बढ़ावा

## सौर ऊर्जा से हेमलता का घर हुआ रोशन, बिजली बिल से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना धमतरी जिले के नागरिकों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने न केवल लोगों को महंगे बिजली बिल से मुक्ति दिलाई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दानीटोला वार्ड निवासी श्रीमती हेमलता साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं। श्रीमती हेमलता साहू ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल संयंत्र स्थापित किया है। लगभग 2 लाख रुपये लागत वाले इस संयंत्र के लिए उन्हें केंद्र सरकार से 78 हजार रुपये और राज्य सरकार से 30 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस आर्थिक सहयोग के कारण उन्हें प्रारंभिक निवेश में काफी राहत मिली। हेमलता ने बताया कि सोलर पैनल लगाने से पहले उनका मासिक बिजली बिल 1500 से 2000 रुपये तक आता था, लेकिन अब उनका बिल पूरी तरह शून्य हो गया है। इतना ही नहीं संयंत्र से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली नेट मीटरिंग के माध्यम से ग्रिड में भी भेजी जा रही है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय की संभावना बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत बैंक से कम ब्याज दर (7 प्रतिशत) पर ऋण भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है, जिससे आम उपभोक्ता भी बिना वित्तीय बोझ के सौर संयंत्र लगा सकता है। श्रीमती हेमलता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा से न केवल हमारी जेब पर से बिजली खर्च का बोझ खत्म हुआ है, बल्कि हम स्वच्छ और हरित भविष्य के निर्माण में भी योगदान दे रहे हैं।

## फसल बचाने नहर पानी देने की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मानसून की बेरुखी से सूखते खेत, मुरझाती फसल को बचाने बांध से पानी छोड़ने, खाद संकट का हल और बिजली कटौती बंद कराने जैसी मांगों को लेकर जिला भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप किसानों की समस्या बताई।

भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष लालाराम चन्द्राकर ने बताया कि कलेक्टर को कृषि समस्या पर अधारित ज्ञापन सौंपकर पानी की कमी से मुरझाती फसल को बचाने गंगरेल बांध से तत्काल पानी छोड़ने की मांग की गई है। साथ ही सोसाइटियों में डीएपी व अन्य खाद की कमी को दूर कर खुले बाजार में बिकने वाली नकली खाद पर रोक लगाने एवं अधिक दाम पर खाद बेचने वाले व्यापारियों पर अंकुश लगाने का निवेदन किया है। इसके अलावा अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगा कृषि विद्युत पंप में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित करने की मांग उठाई है। कलेक्टर के साथ चर्चा कर आवारा पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाने एक निश्चित योजना बनाकर निदान करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर दुलार सिंह, ललित सिंह, विनय साहू, ठाकुरराम, टोमन साहू, रमन, मंसाराम, वेदराम साहू, दुजराम, साहू, हुलासराम, पुरण, रामकुमार, ललित चंद्राकर सहित मगरलोड, धमतरी, भखारा, कुरूद के किसान उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

**कोरर।** ग्राम कोकानपूर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सभी लोग पारंपरिक वेशभूषा व सिर पर पगड़ी पहन कर रेला गीत गाया। इस अवसर पर समाज द्वारा बुढ़ादेव व दंतेश्वरी माता का पूजा अर्चना कर मावलीपारा से रैली निकालकर ग्राम में भ्रमण किया गया। अन्य समाज द्वारा भी इस आयोजन में शामिल हो कर सेवा जोहार कर बधाई व शुभकामनाएं दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम पटेल माखन मंडावी, उप सरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, रमेश टेकाम, सूरज मंडावी, अमृता तेता, उर्मिला कैमरों, हेमलाल तेता, नरसिंह कुमेटी, सुखदू मंडावी, भारत तेता, अवध मंडावी, देशी राम, लखन टेकाम, गसू तेता, शिवप्रसाद तेता, हरबंस दरो, घसिया कांगे, रोहिदास कांगे, विशाल दरो, लता टेकाम, साधु मंडावी, सादे तेता, सालिक राम अलनिया, गोलू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें।

### शहर में आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

**कांकेर।** देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान के उद्देश्य से 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में बुधवार 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे से नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर कांकेर से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उक्त निर्धारित तिथि एवं स्थान पर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

### मुड़पार में आज भृत्य कल्याण संघ की बैठक का होगा आयोजन

**सरोना।** ग्राम पंचायत सरोना में भृत्य कल्याण संघ की बैठक 13 अगस्त को मुड़पार में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। यह बैठक नरहरपुर ब्लॉक स्तर पर होगी, जिसमें ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायतों में कार्यरत भृत्यों को उपस्थित होने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में संगठन के विषय में चर्चा की जाएगी। बैठक के उद्देश्य ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ के संगठन के विषय में चर्चा करना, नरहरपुर ब्लॉक के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत में कार्यरत भृत्यों की समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा करना होगा।

### दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का यूडीआईडी प्रमाणीकरण आंकलन शिविर 2 सितंबर से

**कांकेर।** जिले के दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के आंकलन व प्रमाणीकरण के लिए जिले के सभी जनपद पंचायतों में 02 से 10 सितम्बर तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उक्त शिविरों में पात्र पाए गए दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का पेंशन प्रकरण तैयार की जाएगी, यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। इसी प्रकार आधार सीडिंग, बैंक खाता खोला जाना, मोबाईल नंबर एंट्री, ई-केवायसी इत्यादि कार्य किए जाएंगे।

### राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर अभियान की शुरूआत की

**भानुप्रतापपुर।** मोर तिरंगा मोर अभियान की शुरुआत भानुप्रतापपुर मंडल में राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर किया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने बताया कि यह ध्वज मंडल के 13 शक्ति केंद्रों के अंतर्गत आने वाले 64 मतदान केंद्रों में वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी आमजन से आग्रह किया गया कि राष्ट्रीय पर्व को गर्व एवं उत्साह के साथ मनाएं। कार्यक्रम में रत्नेश सिंह, राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, ढालन सिंह राणा, योगेश सोनवानी, अभय पाण्डेय, जुगल किशोर शर्मा, कस्तूर चंद जैन, प्रदीप जैन, गुरपाल रंधावा, लक्ष्मण कुलदीप, धर्मेंद्र रावटे, जिवराखन सलाम, अनीस मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

---

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा की

# किसानों को खाद-बीज आसानी से मिले अधिकारी इस बात का ध्यान रखें : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों कामकाज की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में खेती-किसानी का काम अब पूरे जोर पर है, ऐसे में किसानों को खाद-बीज की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित हो अधिकारी इस बात का ध्यान रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण कर खाद की कालाबाजारी, अमानक खाद बीज का विक्रय करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर ने जिले में हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान सहित स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गरिमामयी ढंग से मनाया जाना है। इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्व में जिम्मेदारी सौंपी गयी थी, वे इन कामों को समय पूर्व सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि देश के प्रति सम्मान प्रकट करने और स्वच्छता अभियान को घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सभी विकासखंडों में संचालित हो और प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किये जाये। कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों को वेबसाइट में वालंटियर का पंजीयन और फोटोग्राफ्स-वीडियो समय पर अपलोड कराना सुनिश्चित करने कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम, गतिविधियों की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कार्यपालन अभियंता (विद्युत) से योजना की अद्यतन जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि निजी हाउसिंग सोसायटियों से संपर्क कर योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति का प्रतीक बनकर उभर रही है। राज्य सरकार की अतिरिक्त सहायता से उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ मिल रहा है, जिससे सोलर पैनल लगवाना अब अधिक सुलभ और फायदेमंद हो गया है।

## रक्षाबंधन प्रेम, शक्ति और पवित्रता का पर्व : बीके सरिता

- ब्रम्हाकुमारी संस्थान जीजामगांव में रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जीजामगांव





प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जी-जामगांव द्वारा रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में बीके सरिता मुख्य संचालिका धमतरी, बीके रेखा, देवचरण चंद्राकर सरपंच, योगेंद्र मारकंडे शिक्षक, संतराम साहू पूर्व शिक्षक, भूपेंद्र ध्रुव, बंशी पटेल शामिल हुए। सभी का स्वागत म्यूजिकल डांस के साथ शिवांगी एवं उनकी टीम ने किया। बीके रेखा ने कहा कि दीदीजी उस परम सत्ता तक पहुंचाते हैं। उसके आगे कुछ भी नहीं है। उनके अनुभव से जीवन को दिशा मिलती है। जिनकी वाणी से सच्चाई की शिक्षा मिलती है, जिससे हर पल प्रेरणा मिलती है।

मुख्य वक्ता बीके सरिता ने कहा कि आज हर व्यक्ति बंधन से छूटना चाहता है। भगवान से मुक्ति चाहता है कि मुझे बंधन से मुक्त कराए। लेकिन रक्षाबंधन ऐसा पर्व है, जिसमें हर एक बांधना चाहता है। सभी को यह बंधन प्यार लगता है। इस बंधन के पीछे का भाव आपसी संबंधों का प्यार है, निकटता है, समीपता है। एक दूसरे के साथ सहयोग की भावना है। इस रक्षा बंधन में सबसे बड़ी शक्ति पवित्रता की है। योगेंद्र मारकंडे ने कहा कि हमारा देश संस्कृति प्रधान देश है। पूरे विश्व में भारत ही है जो रक्षाबंधन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाता है। संतराम साहू ने कहा कि यहां कोई धर्म या मजहब की बात नहीं होती।

भूपेंद्र ध्रुव ने कहा कि हम सभी शिव पिता की संतान है। उनके गुण सदा धारण करना चाहिए, लेकिन आध्यात्मिकता कम और सांसारिकता अधिक होने के कारण उस भगवान को भूल जाते हैं। अब उसकी याद ही हमें शक्ति दिलाता है। बीके सरिता ने सभी को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम का संचालन बीके पुष्पराज ने किया।

## प्रभु श्रीराम की भक्ति से मानव भवसागर से पार होता है : कविता

कुर्रा में श्रावण झूला उत्सव व मानसगान में शामिल हुईं जिपं सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

ग्राम कुर्रा में श्रावण झूला उत्सव व मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन श्रीरामकला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता बाबर ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रभु श्रीराम चंद्र हमारे आदर्श हैं। उन्हें हम मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से भी जानते हैं। मर्यादा शब्द की उपाधि प्रभु को इसलिए प्राप्त हुई क्योंकि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मर्यादित रहकर अपने माता पिता और सभी छोटे बड़े लोगों का सम्मान करते हुए व्यतीत किया। इस प्रकार के आयोजन से लोगों को धर्म के बारे में जानकारी मिलती है एवं उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा मिलती है।

आगे कहा कि हमें यह जो मनुष्य तन प्राप्त हुआ है। इसे मोक्ष व मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है जब हम अपने धर्म के बताए रास्ते पर चलें। इससे मानव जीवन का भवसागर से पार हो सकता है। इस दौरान चिंताराम साहू, घासीराम साहू, तुकाराम पटेल, रंजीत साहू, चैतू राम देवांगन, राधेश्याम यादव, मुकेश यादव समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## तिरंगा झंडा हमारी राष्ट्रीय एकता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है



- कोलियारी में मोर तिरंगा मोर अभिमान पर हुई कार्यशाला, तिरंगा यात्रा निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

गंगरेल मंडल अंतर्गत ग्राम कोलियारी में मोर तिरंगा मोर अभिमान कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन, सह प्रभारी जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन ने की। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा झंडा हमारी राष्ट्रीय एकता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। जब प्रत्येक भारतवासी के घर की छत पर लहराएगा तो विश्व को एक स्वतः संदेश होगा। हम सबको संकल्प लेना है कि धर्म जाति, समाज और दल से ऊपर उठकर एक झंडे के नीचे सिर झुकाएंगे और अपने तिरंगे की आन बान और शान को अपनी जान से बढ़कर मानते हुए मातृभूमि के प्रति अपना कर्तव्य निभाएंगे। मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक मुकेश यादव ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, जिला मीडिया प्रभारी उमेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, सह संयोजक हुमन यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष उमेंद्र सिन्हा, अछोटा सोसाइटी अध्यक्ष सोहन यादव, कोलियारी बूथ अध्यक्ष श्यामू सोनकर समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने किया मुख्य निर्वाचन आयोग का घेराव

- हमारी लड़ाई सच्चाई और संविधान की रक्षा के लिए है : राजा देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



एनएसयूआई ने प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ का घेराव किया। राजा देवांगन जिलाध्यक्ष धमतरी ने बताया कि यह आंदोलन राहुल गांधी द्वारा हाल ही में उजागर किए गए वोट चोरी के गंभीर आरोपों के समर्थन में आयोजित किया गया था। सैकड़ों कार्यकर्ता बैनर और तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण रैली के रूप में आयोग कार्यालय की ओर बढ़े और चुनाव आयोग से दो स्पष्ट मांगें रखीं। पहल चुनावी प्रक्रिया से संबंधित पूरा डिजिटल डाटा तुरंत सार्वजनिक किया जाए और दूसरी लोकतंत्र की हत्या बंद की जाए। जैसे ही प्रदर्शनकारियों ने आयोग कार्यालय के पास पहुंचने की कोशिश की, पुलिस ने बैरिकेड लगाकर उन्हें रोका और बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना को एनएसयूआई ने लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया।

महावीर गुर्जर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र की हत्या है। अगर सरकार और चुनाव आयोग के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो डिजिटल डाटा क्यों नहीं दे रहे। नीरज पांडे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि युवा और छात्र इस लड़ाई में पीछे नहीं हटेंगे। पुलिस की बर्बरता हमें और मज़बूत बनाएगी। राजा देवांगन ने कहा कि हमारी लड़ाई सच्चाई और संविधान की रक्षा के लिए है। जनता के वोट का अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी दोनों मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को पूरे प्रदेश में तेज किया जाएगा। जिलाध्यक्ष श्री देवांगन के साथ तेजप्रताप साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, जय श्रीवास्तव, सुदीप सिन्हा उपस्थित थे।

समाज जो नहीं कहता है, वह साहित्यकार कहता है : डॉ. गिरीश पंकज

# कवि पवन प्रेमी के काव्य संग्रह ‘कर्ण हूं मैं’ का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



जिला हिंदी साहित्य समिति के तत्वावधान में साहित्य भवन म्युनिस्पिल स्कूल के पीछे स्थित सभागार में हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी के प्रतिष्ठित कवि पवन प्रेमी के काव्य संग्रह कर्ण हूं मैं का विमोचन हुआ। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात व्यंग्यकार संपादक डॉ. गिरीश पंकज मुख्य अतिथि थे। कवि द्रोण सार्वा, उपन्यासकार श्रीमती ओमेश्वरी देवांगन एवं जिला हिन्दी साहित्य समिति के अध्यक्ष डुमन लाल ध्रुव मंचासीन रहे।

विमोचन उपरांत कवि पवन प्रेमी ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कविताओं में सामाजिक संवेदनाओं, मानवीय मूल्यों और जीवन के गहन अनुभवों की सजीव झलक दिखाई दी। डुमनलाल ध्रुव ने कहा कि कर्ण हूं मैं समकालीन कविता के स्वर और समय के सवालों को बेहद ईमानदारी से अभिव्यक्त करता है।

मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज ने कहा कि कृति कर्ण हूं मैं में संभावना दृष्टि दिखाई देती है। विलुप्त होती चीजों का वर्णन है। मध्यम वर्ग की पीड़ा का उल्लेख है। समाज जो नहीं कहता है, वह साहित्यकार कहता है।

उन्होंने यह भी कहा कि कवि पवन प्रेमी की कविता को आसानी से समझा जा सकता है। हमारी व्यवस्था, विषमता पर लिखी गई कविता है।

द्रोण सार्वा ने कहा कि संघर्षपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। श्रीमती ओमेश्वरी देवांगन ने कविता के माध्यम से अपने विचार रखे। श्री चन्द्रशेखर शर्मा ने कहा कि काव्य कृति कर्ण हूं मैं, कर्ण की नियति को दर्शाता है। भाव प्रदर्शित होता है। कवि ने कलम चलाई जो रोजमर्रा के जीवन पर आधारित है। माझी अनंत ने कहा कि कवि न छोटा होता है न बड़ा होता है। पाठक हर बार पढ़ता है, समाज में प्रभाव छोड़ता है।

कार्यक्रम का संचालन कवयित्री श्रीमती कामिनी कौशिक व आभार प्रदर्शन पूर्व अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने किया। इस अवसर पर मदन मोहन खंडेलवाल, डॉ. चन्द्रशेखर चौबे, नरेशचंद्र श्रोती, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, विनोद रणसिंग, चन्द्रहास साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, सुरेश साहू, तारिक बेदार, मोहम्मद शाह, जेएल साहू, साहिर, मोहम्मद रिजवान, शैलेंद्र चेलक, भूपेन्द्र मानिकपुरी, रामसिंग मंडावी, लोकेश साहू, संकेत, योगेश्वर सिन्हा, प्रकाश साहू, देवेन्द्र वर्मा, पवन चंदन, होमेश्वर चन्द्राकर, खेमराज, आकाश, माधुरी मार्कण्डेय, अनुसुइया सिन्हा, प्रीति ध्रुव समेत अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

---

## आस्था मंच ने रुद्रेश्वर महादेव घाट में चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

महानदी हमारी है स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है, इस संकल्प को लेकर आस्था मंच सफाई अभियान चला रहा है। सिहावा पर्वत से निकली चित्रोत्पला महानदी की अविरल धारा स्वच्छ बहे व महानदी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विगत 12 वर्षों से महानदी के उद्गम स्थल से संगम (राजिम) से विहंगम तक (चंद्रपुर) नदी के आसपास साफ-सफाई की जाती है। संस्था द्वारा स्वच्छता के लिए जागरुकता अभियान समय-समय पर चलाया जाता है। इसी क्रम में 12 अगस्त को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में रूद्रेश्वर महादेव घाट में सफाई अभियान चलाया गया। ज्ञात हो कि रुद्रेश्वर महादेव घाट में श्रद्धालुओं द्वारा अस्थि विसर्जन, मूर्ति विसर्जन अन्य पूजा पाठ, कर्मकांड करने से नदी की सुंदरता व स्वच्छता रखने के लिए आस्था मंच के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, हेमराज सोनी संरक्षक ने कलेक्टर अविनाश मिश्रा से अस्थि कुंड, विसर्जन कुंड के साथ श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक बोट चलवाने की मांग की जिस पर कलेक्टर ने भविष्य में बोट चलवाने का आश्वासन दिया।

मौके पर श्यामा बाई साहू, नरेश साहू, दिलीप बड़जात्या, राजेश साहू, सतीश कश्यप, विनी गुप्ता, प्रकाश कुंभकार, जागेन्द्र साहू, राधेश्याम, दुकालु साहू, मोहित बनपेला, लक्ष्मी बयां, रूपेन्द्र साहू, महेश शर्मा, प्रतिमा निषाद, निधि मंडावी मौजूद थे।

## भारत का हर नागरिक हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े : रंजना



- इस अभियान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : विनय
- नपं आमदी में हर घर तिरंगा अभियान पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नगर पंचायत आमदी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभक्ति, एकता और जन-जागरूकता का उत्सव है। हर घर में तिरंगा फहराकर हम न केवल राष्ट्रप्रेम का भाव प्रकट करते हैं, बल्कि स्वच्छता जैसे अहम विषय को भी जनआंदोलन बनाते हैं। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत और हर घर तिरंगा जैसे अभियानों को नई ऊंचाई तक पहुंचाना है। आमदी मण्डल अध्यक्ष विनय जैन ने कहा कि इस अभियान को सिर्फ एक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

मौके पर नगर पंचायत आमदी अध्यक्ष श्रीमती मुरलीधर साहू, पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष तेजराम साहू, कोमल यादव महामंत्री, अग्रवाल साहू सभापति जनपद सदस्य, ज्ञानेश्वर साहू साहू समाज अध्यक्ष, अश्रु साहू, उमानंद कुंभकार सभापति, जागेश्वर नेताम, सुनीता साहू पार्षद, त्रिभुवन मटियारा, नारायण मटियारा, संतोषी साहू, बूथ अध्यक्ष भूषण साहू, आनंद साहू, जागेश्वर साहू, दीनदयाल साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## अंवरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूरे गांव की गलियों का भ्रमण किया। मौके पर पूर्व जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़, जिला उपध्याक्ष पुष्पेन्द्र साहू, लेखराम साहू, पवन यादव, रंजीत जांगड़े, जागेश्वर निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सतनामी समाज गुरु परंपरा को मानने वाला समाज है : देशलहरे



- जोधापुर वार्ड में ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

सतनामी समाज द्वारा ममतामयी मिनीमाता का पुण्यतिथि कार्यक्रम जोधापुर वार्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु बाबा की गुरु वंदना एवं आरती से की गई। रमेश लहरे ने माताजी के संसदीय जीवन, सामाजिक जीवन, समाजिक सुधार व समाज सेवा के कार्यों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कहा कि सतनामी समाज गुरु प्रधान व गुरु परम्परा को मानने वाला समाज है। उसमें ममतामयी मां मिनीमाता का स्थान सबसे श्रेष्ठ है। मिनीमाता ने समाज की कुरीतियों, गलत परम्परा का विरोध किया। डॉ सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि सतनाम को मानने वाले सतनामी संस्कृति का पालन करें तभी समाज में सुधार आएगा। कार्यक्रम को श्रीमती सीमा लहरे, बंजारे मैडम, शामकुंवर ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान समसज की श्रीमती बिलई मां, आसराबाई ढीढी, अंजलि रात्रे, यशोदा टण्डन को श्रीफल व साड़ी भेंटकर सम्मानित किया। साटीदार के उत्कृष्ट कार्य के लिए परसराम मार्कण्डे को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। मौके पर सलाहकार डॉ सुरेंद्र कुर्रे, भूषण जांगड़े, श्यामलाल डहरिया, राधेश्याम टण्डन, भूषणलाल कोसरे, शिव कोसरे, बाबा डहरिया, डोमनलाल, भवनबाई, ऋतु बंजारे , उत्तरा बंजारे समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश लहरे ने किया।

## खबर संक्षेप

### विद्याकुंज स्कूल की छात्रा ने राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में कांस्य पदक जीता



**धमतरी।** ऑल इंडिया इंडिपेंडेंस कप 2025 का आयोजन दिल्ली में हुआ , जिसमें विद्याकुंज स्कूल लोहरसी की कक्षा छठवीं की छात्रा अंशिका गुप्ता ने राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में भाग लिया और कांस्य पदक जीतकर अपना, अपने परिवार, समाज और विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राथमिक स्तर से ही उनका रुझान खेल की ओर रहा है। उसी का परिणाम है कि भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित कराते प्रतियोगिता में भाग लिया। अंशिका गुप्ता की इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### आत्मानंद स्कूल में विश्व आदिवासी दिवस मनाया

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में 12 अगस्त को संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के मार्गदर्शन में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य सविता उईके, सरपंच शकुंतला नरेटी, मुकेश नरेटी उपस्थित रहें।

### पालक शिक्षक सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी अत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में संस्था के प्राचार्य अजय नेताम के उपस्थिति में पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक पालकगण उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। घर का वातावरण, बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित वातावरण के लिए घर में ही पढ़ाई करना। छात्र दिनचर्या, बच्चे ने क्या क्या सिखा, बच्चा बोलेगा बिना डर के, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, आय, जाति, निवास, साथ ही अभी एफए-1 परीक्षा हुआ उसके प्राप्त अंक के बारे में चर्चा किया गया।

बाजार में पसहर चावल 200 रुपए किलो, व्रती महिलाएं उपवास की तैयारी में जुटी

# कमरछठ कल, कृष्ण जन्माष्टमी परसों मनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भगवान बलराम को समर्पित हलषष्टी कमरछठ कल यानी 14 अगस्त गुरूवार को मनाई जाएगी। कृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को है। देवकी और वासुदेव की सातवीं संतान बलराम को हलधर भी कहते हैं इसलिए कमरछठ को हलषष्टी भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को संतान प्राप्ति और उनकी सुख समृद्धि के लिए रखा जाता है। इस अवसर पर भगवान बलराम की विशेष पूजा करने का विधान है। व्रती महिलाएं छठी माता की भी पूजा करती हैं।

पं. कृष्णा तिवारी, पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि हलषष्टी का शुभ मुहूर्त 14 अगस्त को रात्रि 2 बजे से शुरू हो जाएगा जो अगले दिन 15 अगस्त तक रहेगा। राहु काल दोपहर 2.04 से 3.43 तक रहेगा। इस समय पर पूजा न करें। व्रती महिलाएं लीना साहू, राधा साहू, सरस्वती साहू, बिसाहिन साहू, गीतांजलि, रजनी विश्वकर्मा, उमा साहू, शांति बाई ने बताया कि सुबह स्नान पश्चात व्रत का संकल्प लेकर गोबर से छठी माता का चित्र, सगरी 2 नग, गणेश, कार्तिकेय, शिव, पार्वती, माता गौरी, षष्ठी माता की पूजा विधि-विधान से सगरी माता के समीप बैठकर करेंगे। इस व्रत में खेतों का अनाज वर्जित है। प्राकृतिक रूप से उगे अनाज, चावल, भाजी, कंद मूल का महत्व है। पसहर चावल का भात, खीर बनाकर भोग लगाया जाता है। व्रत खोलने के बाद इन्हीं वस्तुओं को ग्रहण करेंगे। गाय का दूध वर्जित है। भैंस का दूध, घी, दही का उपयोग होता है। व्रती महिलाएं सगरी के पास बैठकर सात कथाएं पढ़ेंगी या सुनेंगी। इसके बाद छठी मैया को सात अनाज, भाजी प्रसादी का भोग लगाएंगे। संतान के कष्टों को दूर करने आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### जन्माष्टमी पर दही हांडी महोत्सव

जन्माष्टमी के अवसर पर भक्तगण दही हांडी महोत्सव का आयोजन करते हैं। शहर सहित गांवों में आयोजन होता है। शहर के वार्डों में भी यह महोत्सव मनाया जाएगा। शहर का मुख्य कार्यक्रम दही हांडी महोत्सव घड़ी चौक में 6 अगस्त को रात्रि 7 बजे मनाया जाएगा। आयोजक समिति श्रीराम हिन्दू संगठन के प्रतीक सोनी, प्रवीण साहू ने बताया कि इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। पाइप व क्रेन के माध्यम से दही हांडी उपर लटकाई जाएगी। ग्रीस लगे पाइप में 22 फीट ऊंचे में दही हांडी रहेगी। क्रेन के लिए विजेता पिरामिड समूह को 31 हजार इनाम तथा पाइप में एकल व्यक्ति द्वारा चढ़कर फोड़ने पर 5100 रूपये इनाम दिया जाएगा।

### बाजार में पसहर चावल की बिक्री

व्रती महिलाओं के लिए बाजार में पसहर चावल की बिक्री हो रही है जिसकी कीमत 200 रूपये किलो है। विशाला पटेल, नंदनी पटेल ने बताया कि पसहर चावल प्राकृतिक रूप से चुनकर इकट्ठा करते हैं इसलिए इसका दाम बढ़कर रहता है। दो माह पहले इसकी तैयारी करते हैं। खुले स्थानों में उगे अनाज के पौधों में बालियां आती हैं। उसे निकाल लेते हैं। सुखाकर चावल बनाते हैं।

### जन्माष्टमी रात्रि 12 बजे के बाद मनेगी

हलषष्टी के बाद 16 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार मनेगा। इस दिन अष्टमी तिथि पर रात्रि 12 बजे रोहणी नक्षत्र में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनेगा। भक्त विधिविधान से पूजा अर्चना कर रात्रि में व्रत खोलेंगे। कृष्ण भक्त सुबह से ही उपवास रखते हैं। यह पर्व भगवान की बाल लीलाओं को स्मरण करके मनाया जाता है। पंडितों के अनुसार जन्माष्टमी का पूजन मुहूर्त 16 अगस्त बजे रात्रि 12.04 से रात्रि 12.47 बजे तक रहेगा।

# स्वच्छता का संदेश देने निकली जागरूकता रैली



- नगर निगम स्वच्छता के लिए लगातार प्रयासरत : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम के नेतृत्व में शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने स्वच्छता वाहन के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य हर घर स्वच्छता के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। रैली की शुरुआत विंध्यवासिनी मंदिर के पास से हुई, जहां से स्वच्छता वाहन एवं प्रतिभागियों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। नगरनिगम कर्मियों, स्वच्छता मित्रों एवं नागरिकों ने हाथों में तख्तियां व नारे लेकर लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, सभापति कौशल्या देवांगन एम.आई.सी. सदस्यगण अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पार्षद कुलेश सोनी, चन्द्र भागा साहू, निगम अधिकारी उपायुक्त पीसी सार्वा, कमलेश ठाकुर, शंशाक मिश्रा उपस्थित थे। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता के लिए लगातार प्रयासरत हैं लेकिन यह अभियान तभी सफल होगा जब आप सभी इसकी जिम्मेदारी स्वयं लें और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आदत बना दें।

# निगम के विपक्षी नेताओं ने पीएम आवास कक्ष के बाहर जमीन पर बैठकर किया प्रदर्शन

- कक्ष के बंद रहने से हितग्राहियों को नहीं मिल रही योजनाओं की जानकारी : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम के विपक्षी नेता दीपक सोनकर, विशु देवांगन, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, भागी ध्रुव, देवेन्द्र देवांगन, हितग्राही शशि सेन, अघनूराम, बसंत मरकाम, शिव साहू, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम मंगलवार को निगम में संचालित प्रधानमंत्री आवास कक्ष को बंद देखकर कक्ष के सामने धरने पर बैठ गए। आरोप लगाया कि कक्ष के बंद रहने से हितग्राहियों को फायदा नहीं मिल रहा है। योजना की जानकारी नहीं मिलने से हितग्राही भटक रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराना है लेकिन निगम की लापरवाही से यह योजना धमतरी में मजाक बन गई है। आवेदन, दस्तावेज, सत्यापन, भुगतान, निर्माण आदि के लिए हितग्राहियों को कार्यालय में जानकारी देनी चाहिए लेकिन यह कक्ष लंबे समय से बंद दिख रहा है। कार्यालय बंद रहने से लोगों को बार-बार निगम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। लोग दिनभर ताला खुलने का इंतजार करते हैं। सही जानकारी किसी को नहीं बताई जाती। हजारों आवास निर्माण अधर पर लटक गया है जिसे देखते हुए कांग्रेस पार्षदों ने हितग्राहियों के साथ जमीन पर बैठकर प्रदर्शन किया।

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि गरीबों के घर के सपने के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाने संघर्ष जारी रहेगा। निगम को आवास निर्माण में रूचि नहीं है। जानबूझकर कक्ष को बंद करवा दिया गया है। कार्यालय रोज खोला जाए। जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। मांगों पर ध्यान नहीं देने पर जनता के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# राष्ट्रभक्ति से गुलजार हुई गंगरेल की वादियां





- प्रीतेश गांधी ने गंगरेल बांध में तिरंगा लहराया
- प्रधानमंत्री मोदी की भावनाओं के अनुरूप जन-जन में जगाना है राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम का अलख : प्रीतेश गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा के हर-घर तिरंगा अभियान के तहत पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने छत्तीसगढ़ के दूसरे सबसे बड़े बांध गंगरेल में पहुंचकर डैम के चारों तरफ तिरंगा लहराते हुए वहां की सुरम्य वादियों को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इस अद्भुत, अलौकिक, अद्वितीय क्षण के साक्षी बने सैकड़ों लोगों ने पार्टी के इस अभियान की सराहना की। इस अवसर पर उनकी टीम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदगण पिन्टू यादव, कुलेश सोनी, समाजसेवी नरेंद्र जायसवाल भी मौजूद थे।

प्रीतेश गांधी ने वहां पर उपस्थित जनों को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक जगहों पर तिरंगा लहराने का आग्रह करते हुए कहा कि आज हम स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इसे राष्ट्रकार्य से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों हर-हर गंगा घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की थी और इसे आत्मसात करना प्रत्येक नागरिक का धर्म है। हमें देशभक्ति तथा राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करते हुए अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करने के लिए आगे आना चाहिए। आज गंगरेल का यह परिसर भी चारों तरफ राष्ट्रभक्ति की भावनाओं को बयां कर रहा है। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नौकाओं के माध्यम से लहरों के बीच तिरंगा लहराना हमेशा के लिए यादगार बन गया।

भारत का राष्ट्रीय ध्वज शांति और सद्भाव का प्रतीक : शशि पवार

# हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के लिए प्रभारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा मंडल रांवा में मंडल के पदाधिकारियों एवं सभी मंडलों, शक्तिकेंद्र प्रभारियों में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के लिए बनाए गए प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया गया। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ हुआ जो लगातार चल रहा है। इसी तारतम्य में हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर प्रदेश में कार्यशाला हो चुकी है। आज मंडल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला हुई। हर घर तिरंगा अभियान व तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है ताकि इस अभियान में युवा और महिलाओं को जागृत किया जा सके। ऑपरेशन सिंदूर और उससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को नमन करते हुए इस अभियान को पूर्ण करना है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की वैश्विक पहचान को और ज्यादा मजबूत किया है। मंडल अध्यक्ष अमन राव ने बताया कि 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक चलाना है। कार्यक्रम की तीसरी कड़ी में स्वाधीनता संग्राम में शहीद लोगों के मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। डीपेन्द्र साहू ने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाते हैं और इस दौरान विभाजन की विभीषिका के बारे में देश के हर नागरिक को बताना है कि किस तरह विभाजन की विभीषिका के दौरान लाखों लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। भाजपा मंडल आमदी के निवर्तमान अध्यक्ष मुरारी यदु ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए हम सभी मेहनत करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। गुलामी से समाज में जो कुरीतियां और विकृतियां व्याप्त हुई हैं, उन्हें दूर करना है और देश को गौरवान्वित करना है। बालाराम साहू ने कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शांति और सद्भाव का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राकेश सिन्हा व आभार प्रदर्शन दरगहन सरपंच भुवनेश्वरी साहू ने किया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर हुआ पारंपरिक नृत्य

- रींवागहन में विश्व आदिवासी दिवस मना, अतिथियों ने शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा ग्राम रींवागहन में पारंपरिक नृत्य के साथ रैली निकालकर विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि विकास पथ पर बढ़ने के लिए शिक्षा को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का स्नेह हमेशा मिलता रहा है। जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनु. जन. आयोग छग ने कहा कि आदिवासी पहाड़ , पर्वत, वृक्ष,धरती ,पानी, सूरज को देवता स्वरूप पूजा करते हैं। आरएन ध्रुव प्रांताध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा , इसलिए समय के साथ हर हाल में हमें बच्चों को शिक्षा से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि नशापान सभी समाज के लिए घातक है । सभा को मुख्य अतिथि शिवचरण नेताम पूर्व जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज धमतरी ने संबोधित किया। अध्यक्षता श्रीमती देवबती कोर्राम सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती कविता योगेश सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती भारती साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी थीं।

मौके पर श्रीमती दमयंती केशव साहू पूर्व सदस्य जिला पंचायत, हुलार सिंग कोर्राम परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, सैन कुमार मंडावी मुड़ा अध्यक्ष, गोवर्धन ध्रुव मुड़ा अध्यक्ष, श्रीमती शांति बाई ध्रुव पूर्व सरपंच गुजरा, चेतनराम साहू ग्राम पटेल, कमलेश्वर ध्रुव पूर्व सरपंच, जयराम ध्रुव, ईश्वरी दयाल कोर्राम, गैंदराम ध्रुव, रामनारायण कतलम, शांताराम ध्रुव, सुखीराम नेताम, सोमनाथ कोर्राम, धर्मेन्द्र नेताम, बलराम नेताम, नारदराम ध्रुव, चुम्मन लाल कोर्राम, रेवती नेताम, नन्देश्वरी ध्रुव, कलिन्द्री कोर्राम, रोहिणी ध्रुव, कामिनी गौतम, देवबती कोर्राम, रूक्मणि ध्रुव उपस्थित थे।

### पानी के अभाव में खेत सूखे, पड़ने लगी दरार

**पुरी।** छाती के किसानों ने गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की जिला प्रशासन एवं छग शासन से की है। नरेंद्र साहू, उदयराम साहू, प्रेमानंद साहू, लीलेश्वर साहू, सतीश चंद्राकर, देवलाल साहू, गंगाराम साहू, डोंगेश्वर पटेल ने बताया कि पानी के अभाव में खेत सूख गए हैं। खेतों में दरार आने लगी है, जिसके कारण धान के पौधों का ग्रोथ कम हो गया है। मछलियां मरने लगी हैं। निंदाई, चलाई, दवाई, खाद डालने आदि का कार्य प्रभावित हो गया है। इससे फसल के उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा।

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रुद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे, कर्मा चौक
धमतरी, मो.नं. 98264-32896

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### जैतपुरी में धूमधाम से आदिवासी दिवस मना

**नगरी।** ग्राम जैतपुरी में इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। आदिशक्ति बूढ़ा देव के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना की गई। समाजजन पारंपरिक वेशभूषा और रेला पाटा के साथ गांव की गलियों का भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर प्रांगण पहुंचे। इस अवसर पर सरपंच डोमार सिंह नेताम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व समाज की एकता, अखंडता और भाईचारे के भाव को बनाए रखता है। मौके पर धांधूराम नेताम उपक्षेत्र अध्यक्ष, मंगाऊराम मरकाम, मेघनाथ मरकाम, बृजलाल नेताम अध्यक्ष ग्रामीण समाज, धनराज, संतराम नेताम, मंगिया राम, दुर्योधन नेताम, नीरा बाई समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हाईस्कूल चटौद में हुई पालक शिक्षक बैठक

**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में पालक शिक्षक मेगा बैठक रखी गई। नोडल अधिकारी बीआरसी कुरुद कुलेश्वर सिन्हा ने कहा कि पालकों के सहयोग से स्कूल में शिक्षा व्यवस्था को और भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने अपने बच्चों की अच्छे से देखभाल करने कहा। व्याख्याता आभा खरे, प्रियंका शर्मा, कुलेश्वर साहू, समन्वयक रमेश चन्द्राकर, भानु साहू, विश्रुति व्यास ने पालकों को बिंदुवार जानकारी दी। पालक गुलाबराम साहू ने अपने बच्चों के प्रति अच्छे से ध्यान देने की बात की। सरपंच खेमचंद साहू व शिक्षाविद गैन्दू राम ध्रुव ने शाला को बेहतर वातावरण देने की बात कही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
By Train-रिजर्वेशन कोच
माता वैष्णव देवी यात्रा
माँ वैष्णो देवी, शिव पोड़ी, अमृतसर स्वर्ण मंदिर, जलियावाला बाग, बाघा बार्डर, मथुरा, वृन्दावन, बांकेबिहारी लाल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, प्रेम मंदिर, श्रीकृष्ण-बलराम मंदिर, आगरा ताज महल
यात्रा दिनांक 11 सितंबर 2025 05 नवंबर 2025 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

होंठों को पतला-मोटा करें और आकर्षक बनायें. इंजेक्शन व लेसर द्वारा.
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स मॉल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020